संख्या- 81/2021/1632/छप्पन-2021-68/2017 TC

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ, दिनांक: 24 अगस्त, 2021

विषय: क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत संचालित वायु सेवा के लिए वायबिलिटी गैप फण्डिंग (क्लेम सं0- 29) के भुगतान हेतु वित्तीय स्वीकृति

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 234/आर0सी0एस0-2021-वी-1/2018 दिनांक 11 अगस्त, 2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित सारणी अनुसार वायु सेवा के संचालन के लिए एम0ओ0यू0 के प्रविधानों के अनुरूप वी0जी0एफ0 क्लेम सं0- 29 के अन्तर्गत रु0 2,92,67,370/- के सापेक्ष 20 प्रतिशत वी0जी0एफ0 (राज्यांश) रु0 58,53,474/- (रूपए अट्ठावन लाख तिरेपन हजार चार सौ चौहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है:-

आर0सी0एस0 रूट	**अवधि/माह**	**एयरलाइन्स का नाम**	**20 प्रतिशत राज्यांश (रूपए)**
गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर	जनवरी, 2021	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	**58,53,474/-**
रायपुर-प्रयागराज-रायपुर	फरवरी, 2021	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	
गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर	जनवरी, 2021	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	
रायपुर-प्रयागराज-रायपुर	फरवरी, 2021	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	

2- भारत सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 29 दिसम्बर, 2016 को भारत सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य निष्पादित एम0ओ0यू0 के प्रस्तर- 4.2.2(e) के प्राविधान के अनुसार क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत वायबिलिटी गैप फण्डिंग (वी0जी0एफ0) के 20% अंश का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत इण्टरग्लोब एविएशन लि0 द्वारा उक्त सारणी अनुसार रूट तथा अवधि के लिए वायु सेवा के संचालन हेतु एम0ओ0यू0 के प्रविधानों के अनुरूप वी0जी0एफ0 क्लेम रूप रु0 2,92,67,370/- के सापेक्ष 20 प्रतिशत वी0जी0एफ़0 (राज्यांश) रु0 58,53,474/- (रूपए

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अट्ठावन लाख तिरेपन हजार चार सौ चौहत्तर मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है। उक्त धनराशि क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना हेतु कार्यान्वयन संस्था भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा गठित रीजनल एयर कनेक्टिविटी फण्ड ट्रस्ट के माध्यम से सम्बन्धित एयरलाइन कम्पनी को भुगतान की जानी है ।

3- अत: श्री राज्यपाल चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में उक्त आर0सी0एस0 वायु सेवा हेतु एम0ओ0यू0 के प्राविधानों के अनुरूप 20% वी0जी0एफ0 (राज्यांश) के भुगतान हेतु रु0 58,53,474/- (रूपए अट्ठावन लाख तिरेपन हजार चार सौ चौहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ रु0 58,53,474/- (रूपए अट्ठावन लाख तिरेपन हजार चार सौ चौहत्तर मात्र) अवमुक्त किए जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

I. निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।
II. उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय से संबंधित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/ आदेशों/ प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
III. धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा |
IV. स्वीकृत धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
V. आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।
VI. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।
VII. निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं हैं तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/ स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-38 के राजस्व लेखा-लेखाशीर्षक ''3053-नागर विमानन-01-हवाई सेवाऍ-800-अन्य व्यय-02-रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अन्तर्गत वायबिलिटी गैप फण्डिंग -42-अन्य व्यय'' के नामे डाला जाएगा।

5- यह आदेश वित्त (वित्त-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0 3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव।

3/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

पृ0सं0: 81/2021/1632(1)/छप्पन-2021-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. उप महालेखाकार ई0एस0।।।, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-।, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
5. महाप्रबन्धक (एफ0 एण्ड ए0)-आर0सी0एस0, रीजनल एयर कनेक्टिविटी फण्ड ट्रस्ट, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003.
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।